Adda247 GET IT ON Google Play

UKPSC - 2018 हिन्दी

**पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।**
**Without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.**

270083

**परीक्षा का वर्ष : 2018**
**प्रश्न-पुस्तिका**

Serial No.

# ICL-04

**अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें**

**शब्दों में**

**प्रश्न-पुस्तिका शृंखला**

**C**

## हिन्दी

**समय : 2.00 घंटे**
**पूर्णांक : 200**

## HINDI

**Time : 2.00 Hours**
**Maximum Marks : 200**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. **अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक में अपने अनुक्रमांक, विषय कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज की कोडिंग सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।**
4. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का उपयोग करें । अलग से वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी ।**
5. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न (आइटम्स) हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे (a), (b), (c), (d) के रूप में दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (आन्सर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
6. सभी प्रश्नों (आइटमों) का उत्तर दिया जाना है और प्रत्येक प्रश्न (आइटम) के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
7. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए गलत उत्तर के लिए या उम्मीदवार द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए दिए जाने वाले अंकों का **एक-चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
8. प्रश्नों के उत्तर आपको अलग से दिये गये उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं । उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य न होगा ।
9. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । जो सूचनायें उसमें वांछित हों उन्हें अभी भर लें ।
10. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अन्तरीक्षक को उत्तर-पत्रक वापस लौटा दें ।
11. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक इन्तजार करें जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
12. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अंकित सीरीज कोड के आधार पर ही किया जायेगा ।
13. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C & D) का मिलान अवश्य कर लें । यदि उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड भिन्न-भिन्न हों, तो उसे तुरन्त अन्तरीक्षक (Invigilator) से परिवर्तित कराकर समान सीरीज कोड का उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

**महत्त्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**


Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
1,00,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
25,000+ Previous Year Papers
500% Refund
IBPS
NABARD
INDIAN RAILWAYS
ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

1. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?
(a) वहाँ बहुत से पशु और पक्षी चरते और उड़ते दिखाई दिए।
(b) हमारे शिक्षक प्रश्न करते हैं।
(c) वह बिलकुल भी बात करना नहीं चाहता था।
(d) ऐसी एकाध बात और देखने में आती है।

2. 'सूर्योदय' में कौन सी संधि है ?
(a) गुण (b) दीर्घ (c) वृद्धि (d) यण

3. 'चक्रपाणि' में कौन सा समास है ?
(a) द्विगु (b) कर्मधारय (c) बहुव्रीहि (d) अव्ययीभाव

4. निम्नलिखित में से अव्ययीभाव समास का उदाहरण कौन सा है ?
(a) पंचवटी (b) अलौकिक (c) प्रियसखा (d) यथाशक्ति

5. अलग होने के बोध का कारक है
(a) कर्म (b) अपादान (c) संप्रदान (d) संबंध

6. निम्नलिखित में से 'पन' प्रत्यय किसमें नहीं है ?
(a) छप्पन (b) भोलापन (c) बचपन (d) पागलपन

7. निम्नांकित में से किसमें 'कु' उपसर्ग नहीं है ?
(a) कुपुत्र (b) कुपथ (c) कुमार्ग (d) कुसुम

8. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है ?
(a) पहिया (b) मधुरिमा (c) नव्यता (d) चटनी

9. 'लोहे के चने चबाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?
(a) युद्ध करना (b) चने भूनना
(c) भूख लगना (d) कठिन संघर्ष में फँसना

10. 'मुँह में राम बगल में छुरी' लोकोक्ति का क्या आशय है ?
(a) ईश्वर के नाम पर छल करना (b) ऊपरी मित्रता, किंतु मन में शत्रुता
(c) चालाकी करना (d) राम का नाम पापी भी ले सकता है

11. 'दहीबड़ा' में कौन सा समास है ?
(a) द्वन्द्व (b) बहुव्रीहि (c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

12. शब्द के अर्थ बोधक आधार को क्या कहते हैं ?
(a) शब्दार्थ (b) शब्दयोग (c) शब्दशक्ति (d) शब्दमूल

Adda247 GET IT ON Google Play

13. किस लिपि से देवनागरी लिपि का विकास माना जाता है ?
(a) सामी आरमेइक लिपि (b) ब्राह्मी लिपि (c) खरोष्ठी लिपि (d) इनमें से कोई नहीं

14. निम्नलिखित वाक्यों में कौन सा शुद्ध है ?
(a) दस आदमी के रुकने का प्रबंध करो ।
(b) पंडित जी को दक्षिणा दिया गया ।
(c) आपका दर्शन करने आए थे ।
(d) वे भलीभाँति जानते थे कि चुनाव हार जाएँगे ।

15. 'यदि दवा लोगे तो बुखार कम हो जाएगा ।' – वाक्य किस प्रकार का है ?
(a) संयुक्त
(b) मिश्र
(c) सरल
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

16. आचार्य भरत के रससूत्र के प्रथम व्याख्याता हैं :
(a) भट्ट लोल्लट
(b) आचार्य शंकुक
(c) अभिनवगुप्त
(d) आचार्य विश्वनाथ

17. निम्नलिखित में से काव्य हेतु किसे नहीं माना गया है ?
(a) व्युत्पत्ति (b) प्रेरणा (c) अभ्यास (d) प्रतिभा

18. 'रस निष्पत्ति' में अभिव्यक्तिवाद किसका मत है ?
(a) अभिनवगुप्त (b) भट्ट नायक (c) भट्ट लोल्लट (d) शंकुक

19. 'विशिष्ट पद रचना' किस काव्यशास्त्रीय संप्रदाय से संबंधित है ?
(a) रस संप्रदाय (b) अलंकार संप्रदाय (c) रीति संप्रदाय (d) औचित्य संप्रदाय

20. 'औचित्य' संप्रदाय के संस्थापक आचार्य कौन हैं ?
(a) वामन (b) दंड़ी (c) आनंदवर्धन (d) क्षेमेंद्र

21. दोहा और रोला छंदों के मिश्रण से कौन सा छंद बनता है ?
(a) इंद्रव्रजा (b) हरिगीतिका (c) कुण्डलिया (d) सवैया

22. 'ऑन द सबलाइम' रचना किसकी है ?
(a) अरस्तू (b) लोंजाइनस (c) क्रोचे (d) आई.ए. रिचर्ड्स

23. 'लिरिकल बैलेड्स' से पाश्चात्य काव्य में किस वाद का प्रवर्तन होता है ?
(a) आदर्शवाद (b) यथार्थवाद (c) संरचनावाद (d) स्वच्छंदतावाद

24. कला-सृजन के लिए सहज अथवा स्वयंप्रकाश ज्ञान को किसने आवश्यक बताया है ?
(a) प्लेटो (b) अरस्तू (c) क्रोचे (d) रिचर्ड्स

25. "दिवस का अवसान समीप था, गगन था कुछ लोहित हो चला" – काव्य पंक्तियों में कौन सा वर्णिक छंद है ?
(a) द्रुतविलंबित (b) मालिनी (c) बसंत तिलका (d) वंशस्थ

Adda247 GET IT ON Google Play

26. निम्नलिखित में से मम्मट कृत ग्रंथ कौन सा है ?
(a) साहित्यदर्पण (b) चन्द्रालोक (c) काव्यप्रकाश (d) काव्यमीमांसा

27. 'मुख्यार्थबाधा' किस शब्द-शक्ति का लक्षण है ?
(a) अभिधा (b) लक्षणा (c) व्यंजना (d) किसी का नहीं

28. 'पहरे स्याम न पीत पट
घन में बिज्जु विलम्स' – इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?
(a) रूपक (b) उपमा (c) उत्प्रेक्षा (d) अपह्नुति

29. लोंजाइनस ने उदात्त के कितने स्रोतों का उल्लेख किया है ?
(a) तीन (b) चार (c) पाँच (d) छह

30. "उतरि नहाये जमुन जल जो शरीर सम स्याम" काव्य पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?
(a) विभावना (b) व्यतिरेक (c) विशेषोक्ति (d) प्रतीप

31. 'काव्य में अभिव्यंजनावाद' कृति के लेखक कौन हैं ?
(a) लक्ष्मीनारायण सुधांशु (b) डॉ. बच्चन सिंह (c) डॉ. देवेंद्र नाथ शर्मा (d) रामचंद्र शुक्ल

32. 'बिम्ब' के विषय में निम्न में से कौन सा कथन सही है ?
(a) यह छायामात्र है ।
(b) इसमें कल्पना के लिए कोई स्थान नहीं होता ।
(c) यह चक्षु इंद्रिय को ही तृप्त करता है ।
(d) बिम्बों द्वारा मूर्त को भाव रूप और भाव को मूर्त रूप दिया जाता है ।

33. काव्यं ग्राह्यमलंकारात्, सौन्दर्यमलंकारः किस आचार्य का कथन है ?
(a) भामह (b) दण्डी (c) रुद्रट (d) वामन

34. डॉ. नगेन्द्र आलोचक हैं
(a) सौष्ठववादी (b) रसवादी (c) प्रगतिवादी (d) मार्क्सवादी

35. 'रस मीमांसा' किसका ग्रंथ है ?
(a) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (b) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी
(c) डॉ. नगेंद्र (d) डॉ. भगीरथ मिश्र

36. 'विरेचन' सिद्धांत के प्रतिपादक कौन हैं ?
(a) प्लेटो (b) सुकरात (c) होरेस (d) अरस्तू

37. निम्नलिखित में से सौष्ठववादी आलोचक किसे कहा जाता है ?
(a) आचार्य नंददुलारे बाजपेयी (b) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
(c) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (d) डॉ. नगेंद्र

Adda247
GET IT ON Google Play

**38.** कुमाऊँनी कवि गुमानी का जन्मस्थान कहाँ है ?

(a) काशीपुर (b) चम्पावत (c) उपराड़ा (d) अल्मोड़ा

**39.** निम्नलिखित में से रमेशचंद्र शाह की कौन सी रचना है ?

(a) राफ (b) उकाव-हुलार (c) फचैक (d) अङ्‌वाल

**40.** निम्नलिखित में से कौन सा आँचलिक कथाकार उत्तराखण्ड से नहीं है ?

(a) हिमांशु जोशी (b) शैलेश मटियानी

(c) वेद राही (d) विद्यासागर नौटियाल

**41.** 'न्यौली' लोकगीत संबंधित है

(a) उत्तराखण्ड से (b) झारखण्ड से (c) छत्तीसगढ़ से (d) हरियाणा से

**42.** शिवानी का वास्तविक नाम क्या हैं ?

(a) शिवानी (b) शिवानी पंत (c) शिवानी पांडे (d) गौरा पंत

**43.** 'खुदेड़' गीत है

(a) विरह गीत (b) प्रणय गीत (c) श्रम गीत (d) नृत्य गीत

**44.** 'बुरांश' कविता के रचयिता हैं :

(a) श्यामाचरण पंत (b) सुमित्रानंदन पंत (c) डॉ. लीलामणि उप्रेती (d) शिरोमणि पाठक

**45.** निम्नलिखित में कौन सी कविता शेरसिंह 'अनपढ़' की है ?

(a) मुर्दाक बयान (b) जनवार (c) निशास (d) मैती मुलुक

**46.** 'पहाड़ पर लालटेन' के कवि कौन हैं ?

(a) सुमित्रानंदन पंत (b) मंगलेश डबराल (c) हिमांशु जोशी (d) शेखर पाठक

**47.** उत्तराखण्ड के किस कवि को छायावाद और प्रगतिवाद के संधि स्थल का कवि कहा जाता है ?

(a) मंगलेश डबराल (b) तारा पाण्डे (c) चंद्रकुँवर बत्वलि (d) सुमित्रानंदन पंत

**48.** सुमित्रानंदन पंत का जन्म स्थान कहाँ है ?

(a) कौसानी (b) बागेश्वर (c) नैनीताल (d) हल्द्वानी

**49.** शैलेश मटियानी का पूरा नाम क्या है ?

(a) रमेश (b) शैलेश

(c) रमेश सिंह मटियानी 'शैलेश' (d) मटियानी

**50.** 'नंदादेवी राज जात यात्रा' कितने वर्ष में होती है ?

(a) हर आठवें वर्ष में (b) हर नौवें वर्ष में (c) हर ग्यारहवें वर्ष में (d) हर बारहवें वर्ष में

Adda247
GET IT ON Google Play

51. 'आदिकाल' में पहेलियों एवं मुकरियों की रचना करने वाले कवि कौन थे ?
(a) अमीर खुसरो (b) हेमचंद्र (c) स्वयंभू (d) विद्यापति

52. आदिकाल को 'आधार काल' किसने कहा है ?
(a) डॉ. नगेंद्र (b) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
(c) डॉ. मोहन अवस्थी (d) डॉ. रामकुमार वर्मा

53. आल्हा और ऊदल किस राजा के सामंत थे ?
(a) परमाल (b) जगनिक (c) कीर्तिदत्त (d) औरंगजेब

54. नाथपंथ के प्रवर्तक कौन हैं ?
(a) चर्पटनाथ (b) मत्स्येंद्रनाथ (c) गोरखनाथ (d) जलंधरनाथ

55. सिद्धों की संख्या कितनी मानी जाती है ?
(a) चौरासी (b) पैंसठ (c) बहत्तर (d) छियासठ

56. इनमें से कौन अष्टछाप का कवि नहीं है ?
(a) कुंभनदास (b) सूरदास (c) हरिव्यासदेव (d) चतुर्भुजदास

57. 'हठयोग' का उपदेश किसने दिया था ?
(a) गोरखनाथ (b) गौतम बुद्ध (c) कबीर (d) गुरु नानक

58. 'रामकथा सुंदर कर तारी ।
संसय बिहग उड़ावन हारी ।'
इन काव्य पंक्तियों में कौन सा अलंकार है ?
(a) उपमा (b) रूपक (c) अतिशयोक्ति (d) अपह्नुति

59. 'कबीर वाणी के डिक्टेटर थे' – यह कथन किस आलोचक का है ?
(a) गोविंद त्रिगुणायत (b) परशुराम चतुर्वेदी (c) रामचंद्र शुक्ल (d) हजारीप्रसाद द्विवेदी

60. 'सखी सम्प्रदाय' का प्रवर्तन किसने किया ?
(a) भगवत रसिक (b) नागरीदास (c) स्वामी हरिदास (d) चतुर्भुजदास

61. तुलसीदास को 'कलिकाल का बाल्मीकि' किसने कहा है ?
(a) नाभादास (b) स्मिथ (c) ग्रियर्सन (d) रहीम

62. मीरा की भक्ति किस प्रकार की है ?
(a) दास्यभाव (b) सख्यभाव (c) माधर्युभाव (d) वैधीभाव

63. "भक्तिकाल हिंदी–काव्य का स्वर्णयुग है" – यह किसका कथन है ?
(a) रामचंद्र शुक्ल (b) जॉर्ज ग्रियर्सन (c) मिश्रबंधु (d) शिवसिंह सेंगर

Adda247 GET IT ON Google Play

64. 'शुद्धाद्वैतवाद' के प्रवर्तक कौन हैं ?
(a) मध्वाचार्य (b) निम्बार्काचार्य (c) वल्लभाचार्य (d) रामानुजाचार्य

65. निम्नलिखित में से कौन द्विवेदी युग का कवि नहीं है ?
(a) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (b) गोपालशरण सिंह
(c) लोचनप्रसाद पाण्डेय (d) रांगेय राघव

66. 'प्राचीन पंडित और कवि' किसकी रचना है ?
(a) भारतेंदु हरिश्चंद्र (b) बालकृष्ण भट्ट
(c) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी (d) स्वामी सत्यानंद

67. 'गोरखबानी' के संपादक कौन हैं ?
(a) राहुल सांकृत्यायन (b) रामचंद्र शुक्ल
(c) हजारीप्रसाद द्विवेदी (d) पीताम्लदत्त बड़थ्वाल

68. निम्नलिखित में से नंददुलारे बाजपेयी की समीक्षा कृति कौन सी है ?
(a) हिंदी साहित्य : बीसवीं शताब्दी (b) हिंदी साहित्य की भूमिका
(c) रीतिकाव्य की भूमिका (d) आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियाँ

69. 'आचार्य रामचंद्र शुक्ल और हिंदी आलोचना' नामक आलोचनात्मक कृति के लेखक कौन हैं ?
(a) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी (b) डॉ. रामचंद्र तिवारी
(c) डॉ. चंद्रशेखर शुक्ल (d) डॉ. रामविलास शर्मा

70. आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन कार्य किस वर्ष प्रारंभ किया ?
(a) 1900 (b) 1903 (c) 1901 (d) 1905

71. 'प्रियप्रवास' का प्रथम प्रकाशन किस वर्ष में हुआ ?
(a) 1865 (b) 1914 (c) 1920 (d) 1922

72. 'कविवचन सुधा' के संपादक थे
(a) बालकृष्ण भट्ट (b) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(c) श्रीधर पाठक (d) महावीरप्रसाद द्विवेदी

73. 'राजा भोज का सपना' कहानी के लेखक कौन हैं ?
(a) राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिंद' (b) डॉ. शिवप्रसाद सिंह
(c) भारतेंदु हरिश्चंद्र (d) राजा लक्ष्मण सिंह

74. "'छायावाद' विलायती अभिव्यंजनावाद का विलायती संस्करण है ।" – यह किसका कथन है ?
(a) महादेवी वर्मा (b) हजारीप्रसाद द्विवेदी (c) भगवतीचरण वर्मा (d) रामचंद्र शुक्ल

Adda247 GET IT ON Google Play

75. महादेवी वर्मा को किस काव्य संग्रह पर 'ज्ञानपीठ' पुरस्कार प्रदान किया गया ?
(a) यामा (b) नीहार (c) नीरजा (d) सांध्यगीत

76. 'जालपा' हिंदी के किस प्रसिद्ध उपन्यास की नायिका है ?
(a) प्रेमाश्रम (b) सेवासदन (c) गबन (d) परीक्षागुरु

77. 'भाषा और समाज' पुस्तक के लेखक हैं
(a) रामविलास शर्मा (b) भोलानाथ तिवारी (c) भगीरथ मिश्र (d) डॉ. कर्ण सिंह

78. 'आवारा मसीहा' के लेखक कौन हैं ?
(a) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' (b) प्रभाकर माचवे
(c) विष्णु प्रभाकर (d) बनारसीदास चतुर्वेदी

79. छायावाद को 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' किस आलोचक ने कहा है ?
(a) डॉ. नगेंद्र (b) नंददुलारे बाजपेयी (c) डॉ. देवराज (d) गंगाप्रसाद पाण्डेय

80. 'जहाज का पंछी' किस प्रकार का उपन्यास है ?
(a) आंचलिक (b) ऐतिहासिक (c) सामाजिक (d) मनोवैज्ञानिक

81. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' किसकी आत्मकथा का पहला खण्ड है ?
(a) हरिवंशराय बच्चन (b) हरिभाऊ उपाध्याय (c) श्यामसुंदर दास (d) वियोगी हरि

82. 'कविता के नए प्रतिमान' किस आलोचक की कृति है ?
(a) लक्ष्मीकांत वर्मा (b) नामवर सिंह (c) रामस्वरूप चतुर्वेदी (d) रामविलास शर्मा

83. 'तार सप्तक' का प्रथम बार प्रकाशन किस वर्ष में हुआ था ?
(a) 1940 (b) 1941 (c) 1943 (d) 1942

84. निम्नलिखित में से मनोहरश्याम जोशी का उपन्यास कौन सा है ?
(a) हरिया हरक्यूलीज की हैरानी (b) उपसंहार
(c) सुरंग में सुबह (d) नमामि ग्रामम्

85. भारत के संविधान में हिंदी को 'राजभाषा' की मान्यता कब प्रदान की गई ?
(a) 14 सितम्बर, 1948 (b) 14 सितम्बर, 1949
(c) 14 जनवरी, 1950 (d) 14 सितम्बर, 1951

86. हिंदी का संबंध किस भाषा परिवार से है ?
(a) भारोपीय (b) द्रविड़ (c) यूराल-अल्ताई (d) चीनी-तिब्बती

87. 'केंद्रीय हिंदी संस्थान' का मुख्यालय स्थित है
(a) लखनऊ में (b) वाराणसी में (c) नई दिल्ली में (d) आगरा में

Adda247 GET IT ON Google Play

88. 'मालवी' हिंदी की किस उपभाषा की बोली है ?
(a) राजस्थानी (b) पश्चिमी (c) पूर्वी (d) बिहारी

89. निम्नलिखित में से कौन सी बोली मध्य पहाड़ी हिंदी उपभाषा के अंतर्गत आती है ?
(a) नेपाली (b) गढ़वाली (c) लहंदा (d) ब्रज

90. निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है ?
(a) यथेष्ठ (b) निरपराधी (c) मिष्टान्न (d) भाष्कर

91. कौन सी बोली 'पश्चिमी हिंदी उपभाषा' में सम्मिलित नहीं है ?
(a) बघेली (b) ब्रज (c) बाँगरू (d) खड़ीबोली

92. निम्नलिखित में से किस शब्द में वर्तनी संबंधी अशुद्धि है ?
(a) जाग्रत (b) जाग्रति (c) उन्नत (d) पृष्ठ

93. 'पावस' शब्द है :
(a) तत्सम (b) देशज (c) तद्भव (d) संकर

94. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?
(a) उत्तम चरित्र-निर्माण हमारे लक्ष्य होने चाहिए।
(b) यहाँ पर कल एक छात्र और छात्रा बैठी थी।
(c) महात्मा गाँधी का देश सदा आभारी रहेगा।
(d) हमारा लक्ष्य देश की चहुँमुखी प्रगति होना चाहिए।

95. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है ?
(a) सुमिरण (b) श्रावण (c) खर्पर (d) अर्पण

96. 'जिसे बुलाया न गया हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है :
(a) अतिथि (b) अनागत (c) अनाहूत (d) अयाचित

97. 'जिसका संबंध उपनिवेश से हो' के लिए एक शब्द होगा :
(a) औपनिवेशिक (b) उपनिवेशिक (c) उपनिदेशीक (d) ओपनिवेशिक

98. 'जो ज्ञात इतिहास के पूर्व का हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है :
(a) ऐतिहासिक (b) इतिहासिक (c) प्रागैतिहासिक (d) समसामयिक

99. 'अत्यंत' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?
(a) अत्य (b) अत (c) अत्यन् (d) अति

100. 'सपरिवार' शब्द में कौन सा समास है ?
(a) बहुव्रीहि (b) अव्ययीभाव (c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

---

Adda247
GET IT ON Google Play

रफ कार्य के लिए जगह

Adda247